तापमान
अधिकतम 39 .2 डिग्री
न्यूनतम 19 .2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024

12 हाइवे बंद, होलसेल कपड़ा मार्केट के दुकानदारों को हो रहा नुकसन



12 रामनवमी के उपलक्ष्य में निकाली शोभायात्रा



## खबर संक्षेप

### हत्या करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना पड़ाव में दर्ज हत्या के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी अश्वनी कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। अब आरोपी को 4 दिन के रिमांड पर लिया गया है। हिम्मतपुरा के देवी सहाय ने 3 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसके पुत्र गौरव का फिरौती के लिए आरोपी अश्वनी ने अपहरण किया था। फिरौती न मिलने पर आरोपी ने उसके किशोर बेटे का कत्ल कर लिया। इसके बाद उसने लाश एक बैग में डालकर उसे कार में लावारिस हालत में छोड़ दिया था।

### साइबर ठग ने युवक से 44 हजार ठगे

पानीपत। पानीपत में सुधीर कुमार निवासी पचरंगा बाजार के साथ साइबर ठग ने जानकार बनकर अपने झांसे में लिया। रुपये वापस लौटाने के नाम पर उससे खाते में 44 हजार से ज्यादा राशि डलवा ली। जब रुपए वापस नहीं आए, तो ठग को कॉल बैक की। लेकिन उसने कॉल नहीं उठाई। वहीं सुधीर की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस अज्ञात पर ठगी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ पकड़ा

पानीपत। एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने बरसत रोड पुगी पर नशा तस्कर नसीम पुत्र रूकमद्दीन निवासी गीता कॉलोनी, नूरवाला, पानीपत को 1 किलो 50 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना तहसील कैंप में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### धोखाधड़ी के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

पानीपत। थाना सेक्टर 13/17 पुलिस ने नेहरू नगर तहसील कैंप निवासी योगेश से मकान बेचने के नाम पर 10लाख रुपए की धोखाधड़ी करने मामले में तीसरे आरोपी प्रदीप निवासी हनुमान कॉलोनी हाल डाबर कॉलोनी को शामिल जांच कर बुधवार को गिरफ्तार किया। आरोपी प्रदीप ने उक्त मामले में माननीय उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत ली हुई है। थाना सेक्टर 13/17 प्रभारी इंस्पेक्टर विलासा राम ने बताया कि मामले में नामजद आरोपी दंपति को पहले ही शामिल जांच कर गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी दंपति ने भी माननीय उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत ली हुई थी।

### बाइक सवार तीन युवकों ने तोड़े गाड़ी के शीशे

यमुनानगर। शहर के वीना नगर कैंप में बाइक पर आए तीन युवकों ने घर के बाहर खड़ी कार के शीशे तोड़ दिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार वीना नगर निवासी जतिंद्र मल्होत्रा ने बताया कि उसने काम से लौटने के बाद अपनी कार घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह जब वह उठा तो उसने देखा कि उसकी कार के शीशे टूटे हुए हैं। सीसीटीवी कैमरों की जांच करने पर बाइक पर तीन युवक आते दिखे। जिन्होंने ईंटों से उसकी कार के शीशे तोड़ दिए। घटना की सूचना पुलिस को दी।

# हिंदू संगठन के सदस्यों ने कृषि मंत्री के निवास स्थान के समक्ष किया प्रदर्शन

## मारपीट के मामले में हिंदू पक्ष के युवकों को झूठे मामले में फंसाए जाने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज, यमुनानगर





यमुनानगर के जगाधरी में कृषि मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए व प्रदर्शन करते हुए हिंदू संगठनों के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले हिंदू संगठनों के हजारों सदस्यों ने वीरवार को जिला सचिवालय व हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल के जगाधरी स्थित निवास स्थान के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने पहले जिला सचिवालय में प्रदेश के राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा और इसके बाद कृषि मंत्री कंवरपाल को ज्ञापन सौंपकर मामले में जांच की मांग की।

■ कंवरपाल ने हिंदू संगठनों के सदस्यों को दिलाया जांच करवाए जाने का भरोसा

वीरवार सुबह विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में जिला भर के हिंदू संगठनों के हजारों सदस्य जिला सचिवालय के समक्ष एकत्र हो गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान हिंदू संगठनों के सदस्यों ने प्रदेश के राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद हिंदू संगठनों के सदस्य जगाधरी में कृषि मंत्री कंवरपाल के निवास स्थान के समक्ष एकत्र हुए और उन्हें ज्ञापन सौंपकर ईद के दिन आदिबद्री मंदिर परिसर में एक विशेष समुदाय के युवकों द्वारा हिंदू युवकों पर लगाए गए मारपीट के मामले को झूठ का पुलिंदा बताया। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के आकाश सिंह, धर्म जागरण समन्वय के संयोजक पंडित उदयवीर शास्त्री व आदिबद्री मंदिर के पुजारी विनय स्वरूप ने बताया कि जिन विशेष समुदाय के युवकों के साथ मारपीट की बात कही जा रही है। वह मंदिर परिसर में शराब पीने का प्रयास कर रहे थे। उनके साथ केवल कहासुनी हुई थी। उस समय विशेष समुदाय के युवकों ने माफी मांग ली थी। इसके बाद उन युवकों ने अपने सौ डेढ़ सौ साथियों को मौके पर बुला लिया और मंदिर परिसर में घुस गए। जूतों सहित मंदिर में घुसकर मंदिर की मर्यादा को भंग किया गया। बेवजह पुलिस प्रशासन पर दबाव बनाकर हिंदू समुदाय के कुछ युवकों पर गंभीर धारा में केस दर्ज करा दिया गया। जबकि मामूली कहासुनी हुई थी।

### दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग

ज्ञापन में कहा गया है कि मंदिर परिसर में विधर्मी घूमते रहते हैं। जिससे हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंच रही है। क्योंकि मंदिर प्रांगण से होकर ही हिमाचल प्रदेश के लिए रास्ता जा रहा है। इस रास्ते को बंद किया जाए। हिमाचल जाने के लिए दूसरे रास्ते की व्यवस्था की जाए। उन्होंने मामले में निष्पक्ष जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने, झूठे मामले को रद्द किए जाने और गिरफ्तार किए गए युवकों को तुरंत रिहा करवाए जाने की मांग की। मौके पर कृषि मंत्री कंवरपाल ने हिंदू संगठनों के सदस्यों को मामले में निष्पक्ष जांच करवाए जाने का आश्वासन दिया है।

### ये है मामला

ईद के दिन आदिबद्री मंदिर परिसर के पास से हिमाचल प्रदेश के लिए जा रहे विशेष समुदाय के युवकों के साथ मारपीट का मामला सामने आया था। इस दौरान विशेष समुदाय के सैंकड़ो लोगों ने रोष जताया था। जिसके बाद पुलिस ने कुछ हिंदू युवकों के खिलाफ मारपीट समेत विभिन्न धाराओं के आरोप में मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। वहीं, हिंदू संगठनों ने इस मामले को झूठा बताया था। उसी दिन से मामले को लेकर हिंदू संगठनों में रोष व्याप्त हो रहा है।

# कुरुक्षेत्र में फर्नीचर की दुकान में लगी आग



कुरुक्षेत्र। आग में जला सामान। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

अंबेडकर चौक पर स्थित एक फर्नीचर की दुकान में आग लग गई। मौके पर दमकल टीम पहुंची और आग पर काबू पाया गया। दुकान के मालिक जगदीश गुलाटी ने बताया कि उनकी अंबेडकर चौक पर टी टाइप में दुकान है। वीरवार सुबह उनके स्टोर में आग लग गई। स्टोर से आग शोरूम तक पहुंच गई जिससे स्टोर व शोरूम में रखी प्लास्टिक की कुर्सियां, फोल्डिंग की निवार सहित प्लास्टिक का अन्य सामान जल गया। दुकान मालिक ने बताया कि अभी नुकसान का अनुमान नही है। दुकानदार ने आरोप लगाया कि दुकान के शटर के पास कूड़ा पड़ा हुआ था जिसमे किसी ने आग लगा दी जिससे दुकान में आग लग गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई।

**फायरिंग करने वाले को पुलिस ने पकडा:** पानीपत। समालखा चौकी पुलिस ने अनाज मंडी समालखा में बीते वर्ष दीपावली की शाम हर्ष फायरिंग करने वाले आरोपी अनिल निवासी अनाज मंडी समालखा को बुधवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लाइसेंसी रिवाल्वर व एक खाली खोल बरामद कर कब्जा पुलिस में लिया। समालखा चौकी इंचार्ज एएसआई वीरेंद्र ने बताया कि समालखा थाना के एसए ईएसआई दलबीर की शिकायत पर केस दर्ज है।

# ट्रैक्टर व बुलडोजर बेचने के नाम पर बीसीसी बिल्डटेक प्रा.लि. कंपनी से ठगे 16 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

असम के शिलांग में नेशनल हाईवे बनाने के लिए ट्रैक्टर व बुलडोजर बेचने के नाम पर सेक्टर 17 स्थित बीसीसी बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से 16 लाख रुपये ठग लिए गए। आरोप जोन डियर ट्रैक्टर की अधिकृत एजेंसी के डीलर दंपती पर लगा है।


पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर 17 स्थित बीसीसी बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड के मैंटेनेंस मैनेजर जयबीर चहल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी कंपनी ने असम के शिलांग में नेशनल हाईवे बनाने का टेंडर लिया हुआ है। जिसमें कंपनी ने काम के लिए ट्रैक्टर व बुलडोजर की आवश्यकता थी। इस दौरान जोन डियर ट्रैक्टर की अधिकृत एजेंसी के डीलर जयोकृष्णा पुर्कीन व उसकी पत्नी मोरोमी पुकोन से बात की। 30 अक्तूबर 2023 को आरोपियों ने 26 लाख रुपये कीमत के हिसाब से दो बुलडोजर की कुटेशन बनाकर कार्यालय में भिजवाई। जिस पर कंपनी ने ट्रैक्टर व बुलडोजर खरीदने के बारे में एजेंसी के पते

■ पुलिस ने आरोपी दंपति के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

मॉर्डन एग्रो इंडस्ट्रियल एकोपेटस, बेल्टोला बाजार, बेलटोला तिनाली बीके रोड गुवाहाटी असम पर भेजी थी। जिसमें आरोपी दंपती ने कहा था कि पेमेंट भेज दो। दस दिन बाद ट्रैक्टर व बुलडोजर की डिलीवरी दे दी जाएगी। आरोपियों के खाते में अलग-अलग कर 16 लाख रुपये भिजवा दिए लेकिन तय समय पर उन्हें डिलीवरी नहीं दी गई। इस बारे में जोन डियर कंपनी में भी शिकायत की लेकिन वहां पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। जब उन्होंने पैसे वापस मांगे तो उन्होंने पैसे भी वापस नहीं किए। पुलिस ने आरोपी दंपती पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डीटीपी की टीम ने अवैध निर्माण को किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। कच्ची सडकों को पीले पंजे से हटाते हुए। फोटो : हरिभूमि

जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार राजस्व संपदा गांव दर्रा कलां में 1 अवैध कॉलोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी अशोक गर्ग ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि राजस्व संपदा गांव दर्रा कलां में 1 अवैध कालोनी में उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोड़फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने राजस्व संपदा गांव दर्रा कलां में 4.5 एकड़ में पनप रही 1 अवैध कॉलोनी में बनी कच्ची सडकों को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा गांव दर्रा कलां में 1 अवैध कॉलोनी के पनपने का मामला आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरुरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ने तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है।

### सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलर के बहकावे में न आए

उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलर के बहकावे में आकर प्लाट न खरीदें और ना ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य करे। इतना ही नहीं जमीन की खरीद करने से पहले डीटीपी कार्यालय से कॉलोनी की वैधता और अवैधता की जानकारी प्राप्त कर लें। सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार भी रजिस्ट्री करने से पहले सरकार द्वारा जारी हिदायतों की पालना करें। यदि कोई व्यक्ति अवैध कालोनियों में कोई प्लॉट खरीदता है तो उसके विरुद्ध भी डीटीपी कार्यालय द्वारा कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और जिसमें 50 हजार का जुमार्ना व 3 साल की सजा का प्रावधान है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई गई ग्रुप हाउसिंग स्कीम दीनदयाल हाउसिंग स्कीम, अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग स्कीम के तहत 5 एकड़ भूमि पर लाइसेंस प्रदान किया जाता है, जिसमें आवेदन करे कॉलोनी काटने की अनुमति प्राप्त की जा सकती है।

# कार की टक्कर से घायल व्यक्ति की पीजीआई में मौत

## गांव कैल के पास हुआ था हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गांव कैल के पास करीब एक सप्ताह पहले कार की टक्कर लगने से घायल हुए गांव सबीलपुर निवासी राजपाल की पीजीआई में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव खुंडेवाला निवासी संजीव कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 10 अप्रैल को उसका चाचा गांव सबीलपुर निवासी 51 वर्षीय राजपाल बाइक पर किसी काम से यमुनानगर आ रहा था।

■ पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ किया केस दर्ज

जब वह गांव कैल के पास पहुंचा तो पीछे से तेज गति से आई कार ने उसके चाचा राजपाल की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे राजपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने उसे सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रैफर कर दिया। पीजीआई में देर शाम इलाज के दौरान राजपाल की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# आप कार्यकर्तओं ने अपनी पार्टी के नेता को लगाया 15 लाख का चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

आम आदमी पार्टी के नेता से 15 लाख रुपए की ठगी हो गई। आरोपियों ने आ नेता को 10 मरला जमीन दिलाने की एवज में 15 लाख हड़प लिए। नेता को न प्लॉट मिला और न ही रकम वापस मिली। अब पुलिस ने उसकी शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने तांत्रिक विद्या के जरिए उसे अपने जाल में फंसाया था। अब पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। गांव मिल्क शेखां के संजीव चौधरी मिल्क ने बताया कि वह आप की एससी विंग में प्रदेश के संयुक्त सचिव हैं। मुलाना विधानसभा से विधायक का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं।

■ सस्ती जमीन दिलवाने का दिया लालच

### आरोपियों पर तांत्रिक क्रिया करने का भी आरोप

नेता ने बताया कि उनकी 10 अक्टूबर 2022 को यमुनानगर के गांव सरांवा की नेहा रानी और उसके पति राजेश कुमार से मुलाकात हुई थी।उसकी मुलाकात जसमेर सिंह, उसके बेटे संजीव कुमार और उसकी पत्नी सत्या देवी से कराई। पांचों आरोपियों से उसका मिलना-जुलना हो गया। आरोपी राजेश और उसकी पत्नी नेहा ने बताया था कि वह भी आप कार्यकर्ता हैं। जुलाई 2023 में नेहा ने उसके पास कॉल कर बताया कि उसकी नेहा इंटरप्राइजेज रियल एस्टेट प्राइवेट कंपनी है। इस कंपनी के जरिए उसे पांचों ने मिलकर जमीन की खरीद फरोख्त करने का कारोबार करने की बात कही। आरोपियों ने नेता से कहा कि अगर वह 15 लाख लगाता हो तो उसे बराड़ा में 10 मरले का प्लॉट रोड के नजदीक दिलवा देंगे। सस्ते प्लॉट के लालच में उसने आरोपियों को रकम दे दी लेकिन उसे न प्लॉट मिला और न ही रकम लौटाई। शिकायतकर्ता के मुताबिक आरोपियों ने 31 दिसंबर 2023 तक रकम वापस करने की बात कही थी लेकिन नहीं लौटाए। आरोपियों ने उसे 6 जनवरी को डुलियानी गांव के पास काली माता मंदिर में बुलाया। यहां नेहा रानी, राजेश कुमार, संजीव कुमार और सत्या देवी ने कहा कि वे इसाई धर्म में पास्टर का काम भी करते हैं। उन्हें तांत्रिक विद्या का पूरा ज्ञान है। उन्होंने कहा कि नेता के ऊपर बुरी आत्माओं का साया है। जब तक वह नहीं उतर जाता, तब तक उसका कोई काम नहीं बनेगा। चौधरी ने बताया कि उस दिन पांचों आरोपियों ने काली मंदिर में अपने हाथ पर मुश्क कपूर की टिक्की रखकर आग लगाई और तांत्रिक क्रिया करने लगे। इसके बाद कहा कि 5 दिन के अंदर उसके ऊपर जो बुरी आत्माओं का साया है, वह खत्म हो जाएगा। साथ ही एक हफ्ते बाद चेक खाते में जमा करा देना, पैसे आ जाएंगे। गांरटी के तौर पर राजेश ने एक चेक उसे दिया। उसके बावजूद उसके पैसे नहीं आए। आरोपी उसे गुमराह करते रहे। अब पुलिस ने पांचों आरोपियों को तलाश रही है।

# मारपीट में घायल महिला की अस्पताल में मौत

## पड़ोसी परिवार ने किया था हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के इमाम साहब मोहल्ला में 18 दिन पहले बच्चों के बीच के झगड़े में एक पड़ोसी परिवार ने दूसरे पड़ोसी परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। जिस हमले में एक 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला बसीला को भी चोट लगी थी। बसीला उसी दिन से अस्पताल में उपचाराधीन थी। वहीं बुधवार देर रात मारपीट की घटना में घायल बसीला की मौत हो गई। वहीं जिशान निवासी इमाम साहब मोहल्ला ने हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस को आरोपियों पर बसीला की हत्या की धारा भी जोड़ने के लिए, पुलिस को शिकायत दी है। जबकि आरोपियों पर पहले मारपीट कर केस दर्ज था। इधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद बसीला का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

■ आरोपियों पर बसीला की हत्या की धारा जोड़ने के लिए पुलिस को शिकायत दी


स्मरणीय है कि मोहल्ला इमाम साहब में 31 मार्च को 11 वर्षीय कैफ के साथ गली में ही रहने वाले बच्चे आहिल के साथ झगड़ा हो गया था। दोनों बच्चों को बीच बचाव कर अलग कर दिया था। वही, रात करीब नौ बजे राजा, टीटू, हनीफ, सरफराज, पेना, शोकीन, सादाब व करीब 3 अन्य लोगों ने मारपीट की, जिसमें बसीला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसकी उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई थी।

शुभ कार्य विशेष मुहूर्त

इस माह गुरु शुक्र हो जाएंगे अस्त, मई और जून में नहीं बजेगी शहनाई

# सभी मांगलिक कार्यों पर ढाई महीने रहेगी रोक

तरूण वधवा ▶▶ कुरुक्षेत्र



पंडित रामराज कौशिक

सनातन धर्म के अनुरुप कोई भी शुभ कार्य विशेष मुहूर्तों में ही संपन्न करने की परंपरा चली आ रही है। ज्योतिष शास्त्र में विवाह के लिए कुंडली मिलान और ग्रह नक्षत्रों की सही स्थिति को देखा जाता है। मुहूर्त विशेष में विवाह करने से देवी-देवता, नवग्रहों का आशीर्वाद मिलता है। विवाह के लिए गुरु और शुक्र तारा का आकाश में उदित होना जरूरी है। यदि ये दोनों तारा, ग्रह अस्त हों, तो विवाह नहीं किया जाता।

हर साल मई और जून में शादियों के मुहूर्त भरपूर मुहूर्त होते हैं, लेकिन इस बार 2024 में गुरु व शुक्र तारा अस्त होने से नए वर्ष में मई और जून में एक भी विवाह मुहूर्त नहीं है। इसके बाद चातुर्मास होने से 4 माह कोई विवाह मुहूर्त नहीं है। पंडित रामराज कौशिक ने बताया कि मात्र 4 दिन बसंत पंचमी, आखातीज, पीपल पूर्णिमा, भड़ली नवमी और इसके बाद देवउठनी एकादशी पर सावों का अबूझ मुहूर्त होने से शादियां हो सकेंगी।

### ढाई महीने रहेगा तारा डूबा

पंडित रामराज कौशिक ने बताया कि वैशाख कृष्णा चतुर्थी 24 अप्रैल 2024 से 7 जुलाई 2024 तक शुक्र का तारा अस्त रहेगा। उन्होंने बताया कि इसी दौरान वैशाख कृष्णा चतुर्दशी 7 मई 2024 से ज्येष्ठ कृष्ण अष्टमी 31 मई 2024 को गुरु का तारा अस्त रहेगा। अतः गुरु व शुक्र का तारा अस्त होने से विवाह समेत मांगलिक कार्यों पर रोक रहेगी। वैशाख शुक्ला तृतीया आखातीज 10 मई 2024 को अबूझ मुहूर्त होने से विवाह करने में कोई दोष नहीं रहेगा। इसी तरह 23 मई पीपल पूर्णिमा व 15 जुलाई को भड़ली नवमी भी अबूझ मुहूर्त रहेगा।

### 2024 में विवाह मुहूर्त

पंडित रामराज कौशिक ने बताया कि जुलाई में 11, 12, 14, 19, 20, 21, 22, 23, 27, 30 व 31, अगस्त में 5, 6, 7, 8, 11, 13, 19, 23, 24, 26, 27 व 28, सितंबर में 4, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13 व 14, अक्टूबर में 3, 6, 7, 11, 12, 20, 21, 26, 27 व 28, नवंबर में 3, 4, 6, 8, 9, 10, 14, 17, 18, 22, 23, 24, 25, 26 व 27 और दिसंबर में 5, 6, 7 व 11 को विवाह का शुभ मुहूर्त है।

# पानीपत में 22 बाल विवाहों को रुकवाया

## प्रशासन ने बाल विवाह रोकने को लेकर चलाएं जागरूकता शिविर

पानीपत। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के चेयरमैन प्रियांक कानूनगो ने गुरवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बाल विवाह रोकने को लेकर वर्चुअल समीक्षा बैठक कर जरूरी निर्देश दिए।

उन्होंने आगामी 10 दिन में शादी के लिए टैंट लगने वालों की बैठक का डाटा आयोग को भेजने के निर्देश दिए व जिले में किए जा रहे बाल संबंधित कार्यों की प्रशंसा की और अन्य को पानीपत से प्रेरणा लेने के लिए कहा। एडीसी डॉक्टर पंकज ने आयोग के चेयरमैन को आश्वस्त करते हुए कहा कि बाल विवाह को रोकने के लिए सक्रिय कदम उठा कर बाल विवाह की रोकथाम की गई है व जिले में 112 जागरूकता शिविर गांव, पंचायत, ब्लॉक, शहरी, स्कूलों और जिला-तहसील स्तर पर किए गए हैं। सीडब्ल्यूसी, सीडीपीओ, डीसीपीओ और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ समय-समय पर बैठकें आयोजित की जाती रही हैं ताकि बाल संरक्षण पर और अधिक जोर दिया जा सके। वर्ष 2023-24 में 22 बाल विवाह को रोका गया व कुछ पर कार्यवाही की गई।

■ 10 दिन में शादी के लिए टैंट लगने वालों की बैठक का डाटा आयोग को भेजने के निर्देश दिए

यह नहीं समय समय पर बाल विवाह शिकायत पर कार्यवाही भी की जाती रही है।

## खबर संक्षेप



### गौरव ने पाया यूनिवर्सिटी में पाया नौवा स्थान

**यमुनानगर।** गुरू नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर के गौरव कांबोज ने एम कॉम प्रथम समेस्टर के परीक्षा परिणाम में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में नौंवा स्थान हासिल किया है। कॉलेज पहुंचने पर गौरव कांबोज का प्रिंसिपल व अन्य स्टाफ द्वारा स्वागत किया गया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. हरिंद्र सिंह कंग ने गौरव के उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा उनकी यह उपलब्धि उनके समर्पण और कड़ी मेहनत का परिणाम है। वाणिज्य विभाग की डीन डॉ. जसविंद्र कौर ने गौरव की शैक्षणिक उत्कृष्टता की सराहना की।

### दो सूने घरों व मंदिर को चोरों ले बनाया निशाना

**यमुनानगर।** जिले में चोरों ने दो सूने घरों व मंदिर को निशाना बनाकर लाखों रुपये की नकदी, जेवर व अन्य सामान चोरी कर लिया। प्रोफेसर कॉलोनी निवासी धीरेंद्र कुमार के घर से डेढ़ लाख रुपये, मंगलसूत्र, कान के कोके, पाजेब व अन्य सामान चोरी हो गई। उधर, साढौरा निवासी अनुज कुमार घर से 20 हजार रुपये, मंगलसूत्र, सोने का हार व अंगूठी चोरी हो गई। वहीं, मार्डन कॉलोनी निवासी भगवती प्रसाद गिरी ने बताया कि वह गिरी मंदिर का पुजारी है। सुबह पांच बजे जब वह मंदिर में आया तो उसने देखा कि मंदिर में रखा गुल्लक टूटा हुआ है। जांच करने पर गुल्लक से करीब 20 हजार रुपये की दानराशि गायब मिली।

### पशुधन मोबाइल एंबुलेंस मिली

**पानीपत।** पशु उपचार पशुपालक के द्वार पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजना के अंतर्गत हरियाणा सरकार ने जिलास्तर पर दो मोबाइल पशुधन एंबुलेंस उपलब्ध करवाई है। जिसमें से एक पशुधन एम्बुलेंस सामान्य पशु अस्पताल समालखा को उपलब्ध कराई गई है। पशुधन एंबुलेंस के माध्यम से टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल करने उपरांत किसानों और पशुपालकों के पशुओं को घर पर ही उपचार मिल सकेगा। उक्त जानकारी मुख्य पशु चिकित्सक शैलेश कुमार ने दी।

### किसानों के सीधे खाते में जा रहा है खरीदी गई फसलों का पैसा

# प्रदेश सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद रही चौदह फसलें: कंवरपाल

**हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल ने जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के घाढ़ क्षेत्र स्थित दर्जन भर गांव में किया जनसंपर्क, जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों से मांगा अंबाला लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया को समर्थन देने का आशीर्वाद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** गांव ताहरपुर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री कंवरपाल। *फोटो: हरिभूमि*

हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गेहूं समेत चौदह फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है। इन खरीदी गई फसलों का पैसा सीधा किसानों के खाते में जा रहा है। उन्होंने उक्त शब्द जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के घाढ़ क्षेत्र स्थित विभिन्न गांव में जनसंपर्क के दौरान आयोजित जनसभाओं में कहे। मौके पर अंबाला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया में उनके साथ मौजूद रही। इस दौरान ग्रामीणों ने कृषि मंत्री व बंतो कटारिया का जोरदार स्वागत किया। कृषि मंत्री कंवरपाल ने वीरवार को घाढ़ क्षेत्र के गांव ताहरपुर कलां, कोट, जाटोंवाला, डारपुर, इब्राहिमपुर समेत अन्य गांव में जनसंपर्क किया। इस दौरान ग्रामीणों ने जगह जगह उनका जोरदार स्वागत किया। कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि घाढ़ क्षेत्र की सदा ही विपक्षी पार्टियों ने ना केवल अनदेखी की है, बल्कि जात पात व धर्म के नाम पर बांटने की राजनीति की है। मगर पिछले साढ़े नौ साल के अर्से में प्रदेश में भाजपा सरकार के कार्यकाल में घाढ़ क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आया है। आज हालत यह है कि घाढ़ क्षेत्र के अल्प संख्यक मुस्लिम समुदाय समेत सर्व समाज के लोग भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं। कृषि मंत्री कंवरपाल ने दावा जताया कि देश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार सत्ता संभालेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की जीत की हैट्रिक में अंबाला लोकसभा क्षेत्र की उपस्थिति जोरदार तरीके से दर्ज होगी। मौके पर अंबाला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने कहा की भाजपा सरकार ने सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के सिद्धांत पर चलते हुए हरियाणा एक हरियाणवी एक सिद्धांत को मानते हुए व अंतोदय के सिद्धांत पर चलते हुए पूरे हरियाणा प्रदेश में एक समान विकास कार्य करवाए हैं। जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने जितने विकास कार्य करवा दिए हैं। आज तक किसी भी विपक्षी विधायक ने विकास कार्य नहीं करवाए हैं। कटारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बदौलत आज विश्व में भारत देश का डंका बज रहा है। हालत यह है कि आज विश्व का हर देश भारत के साथ मित्रता करना चाहता है। इसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। मौके पर मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह, मंडल प्रभारी सुमन चौधरी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष मुकुल चौधरी खदरी व मंडल महामंत्री शिवकुमार शर्मा, फुरकान, इस्लाम, दिलशाद, निसार व भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** श्री रघुनाथ मंदिर में दो दिवसीय उत्सव से समापन पर आयोजित भजनों पर झूमते हुए श्रद्धालु। *फोटो: हरिभूमि*

## श्री रघुनाथ मंदिर में भजन पर जमकर झूमे श्रद्धालु

- दो दिवसीय श्री रामनवमी उत्सव का हुआ समापन
- समापन अवसर पर भंडारे का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शहर के श्री रघुनाथ मंदिर में चल रहा दो दिवसीय श्री रामनवमी उत्सव का समापन हो गया। समापन अवसर पर श्रद्धालु भजनों पर जमकर झूमे। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। श्रीरामनवमी उत्सव महंत नंद रामदास वैरागी के सानिध्य पर आयोजित किया गया। मंदिर में श्री रामनवमी उत्सव के अवसर पर रखे गए श्रीराम चरित मानस के अखंड पाठ का भी समापान हो गया। उत्सव में जैसे ही होया राम दा अवतार गिद्दा पाव सखियों, नाल प्यार नाल राम राम गवो सखियों भजन का शुभारंभ हुआ तो श्रद्धालु झूम उठे। इसके बाद एक के बाद एक गाय गए भजनों पर श्रद्धालू झूमते रहे। मौके पर मंदिर कमेटी के महासचिव गिरधारी लाल कोहली ने बताया कि हर वर्ष रामनवमी के पावन अवसर पर मंदिर में रामनवमी उत्सव बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाता है। जिसमें देश के अलग अलग राज्यों से सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं। इस बार भी मंदिर में श्रीरामनवमी के अवसर पर दो दिवसीय उत्सव का आयोजन किया गया।

मौके पर रामदास धवन, गोबिंद नन्दा, मंगल दास, विजय कुमार, शत्रुघन नन्दा, संजय गुप्ता, राहत गंभीर, नीरज कालड़ा व नीरू चौहान आदि मौजूद रहे।

## पोस्टर मेकिंग में नितन प्रथम

- ग्लोबल शिक्षण संस्थान में पहुंचने पर छात्रा को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर




**यमुनानगर।** ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी रादौर में मेधावी छात्रा को सम्मानित करते चेयरमैन सीए एसके जिंदल। *फोटो: हरिभूमि*

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के 7वें सेमेस्टर बी फार्मेसी की छात्रा नितन ने राष्ट्रीय स्तर की पोस्टर.मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन अंबाला के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में किया गया था।

संस्थान के चेयरमैन सीए एसके जिंदल ने वीरवार को छात्रा के संस्थान में पहुंचने पर स्वागत किया। इस दौरान उसे पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। प्रिंसीपल डॉ.अश्विनी कुमार ने छात्रों को उनकी शैक्षणिक आकांक्षाओं को प्राप्त करने में समर्थन देने के बारे प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों में शारीरिक ही नहीं बल्कि सामाजिक विकास भी आता है। उन्होंने कहा कि इस छात्रा की जीत एक किरण के रूप में खड़ी है जो ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में छात्रों की भावी पीढ़ियों को भी एक रास्ता दिखाने का काम करेगी।

## यूरोप के स्लोवाकिया में हुई प्रतियोगिता

- दसवीं व पांचवी कक्षा के छात्र एकमप्रीत सिंह व समर्थ लूथरा ने स्लोवॉक-इंडियन डेक हॉकी सीरीज में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन
- दिल्ली पब्लिक स्कूल में पहुंचने पर दोनों छात्रों को स्टॉफ सदस्यों ने पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर




**यमुनानगर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में दोनों छात्रों के पहुंचने पर उन्हें पुरस्कृत करते स्टॉफ सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

जगाधरी-अंबाला मार्ग स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल बंभौली(यमुनानगर) के दो छात्रों ने यूरोप के स्लोवॉकिया में डेक हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया व वर्ल्ड हॉकी फेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्लोवॉक-इंडियन डेक हॉकी सीरीज-2024 में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत का नाम रोशन किया है। वीरवार को दोनों छात्राओं के स्कूल में पहुंचने पर स्टॉफ सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया। स्कूल प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन राम निवास गर्ग ने दोनों छात्रों की उपलब्धि पर बधाई व शुभकॉमनाएं दी हैं। स्कूल की प्रधानाचार्या मनीषा सिंह ने बताया कि यूरोप के स्लोवॉकिया में गत 4 अप्रैल से 10 अप्रैल तक स्लोवॉक-इंडियन डेक हॉकी सीरीज-2024 का आयोजन किया गया। जिसमें उनके स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्र एकमप्रीत सिंह व कक्षा पांचवीं के छात्र समर्थ लूथरा ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में उनके स्कूल के छात्र एकमप्रीत सिंह व समर्थ लूथरा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर वैश्विक मंच पर अपने कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्या मनीषा सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में दसवीं कक्षा के एकमप्रीत सिंह ने अंडर 14 वर्ग में भाग लिया। जबकि कक्षा पांचवीं के समर्थ लूथरा ने अंडर 12 वर्ग में भाग लेकर सभी को अपने प्रदर्शन से मंत्रमुग्ध कर दिया।

उन्होंने वर्ल्ड डेक हॉकी के अध्यक्ष जारोस्लाव मेलिसेक के साथ-साथ वर्ल्ड डेक हॉकी फेडरेशन के महासचिव गौतम कांबोज, उप सचिव गुरिंदर सिंह, अंतर्राष्ट्रीय कोच माइकल (स्लोवॉकिया) और भारतीय टीम के कोच एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल के खेल विभागाध्यक्ष रजनीश कालिया का आभार व्यक्त किया। विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन रामनिवास गर्ग ने कहा कि यह विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि उनके विद्यालय के छात्रों ने वैश्विक मंच पर जाकर अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।

## आग लगने की स्थिति में सूझबूझ से काम लें

- मुकंदलाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में हुआ कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** मुकंदलाल स्कूल रादौर में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को जानकारी देते विशेषज्ञ।

मुकंदलाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वीरवार को फायर सेफ्टी ऐंड परिवेंशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छठी से आठवीं के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों को पीपीटी व अलग-अलग तरह की वीडियो दिखा कर आग लगने के कारण व उससे बचाव के उपाय बताए गए। फायर सेफ्टी ऐंड परिवेंशन वर्कशॉप अध्यापक विल्सन ने बच्चों को बताया गया कि आग लगने पर घबराने की बजाय सूझ बूझ से काम लेना चाहिए।

इसके लिए मोबाइल टूल का प्रयोग भी किया जा सकता है। पीटीआई सचिन शर्मा ने भी बच्चों को आग लगने की स्थिति में किए जाने वाले उपायों की विस्तार से जानकारी दी।

## लोस चुनाव में टीमवर्क बनाकर करें कार्य: कैप्टन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

लोकसभा आम चुनाव सुचारू रुप से संपन्न करवाने के लिए जिला निर्वाचन आयोग प्रशासन द्वारा पूरी तैयारियां कर ली हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को टीम वर्क व तालमेल बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वीरवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता की दृड़ता से पालना करवाई जा रही है।

### नए विकास कार्यों का नहीं किया जा सकता है शुभारंभ

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने विभिन्न इंजीनियरिंग विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए बताया कि आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने की तिथि के बाद कोई भी नया कार्य आरंभ नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जो कार्य धरातल पर पहले से शुरू हैं वे ही जारी रहेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उपायुक्त कार्यालय की ओर से विभिन्न विभागों की विकास कार्य से संबंधित रिपोर्ट पहले ही मंगवा ली गई है।



**यमुनानगर।** जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार। *फोटो: हरिभूमि*

### सरकारी विश्राम गृहों का नहीं कर सकते उपयोग

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि जिला के सभी अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि विश्राम गृहों में कोई भी राजनीतिक गतिविधियां न हों। न ही उनकी पूर्व स्वीकृति के बिना विश्राम गृहों की बुकिंग की जाए। इसी प्रकार शिक्षण संस्थानों व धार्मिक स्थलों को भी चुनाव प्रचार के संबंध में प्रयोग नहीं किया जा सकता। टीम भावना से करना होगा कार्य जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि अब पूरी सरकारी मशीनरी भारत निर्वाचन आयोग की प्रतिनियुक्ति पर है। अधिकारियों व कर्मचारियों की भारत निर्वाचन आयोग के प्रति पूर्ण जवाबदेही है। उन्होंने कहा कि जिला में लोकसभा आम चुनाव का कार्य एक टीम भावना से पूरा करना होगा। लोकसभा आम चुनाव में जिला के प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी का कार्य अपनी जगह बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अगर टीम में पूर्ण तालमेल बना रहता है तो कोई भी कार्य मुश्किल नहीं होता।

### सार्वजनिक सम्पत्ति पर वॉल पेंटिंग करना गैर कानूनी

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि आचार संहिता के चलते सार्वजनिक संपत्ति यानि सरकारी और अर्ध सरकारी सम्पति पर कोई भी वॉल पेंटिंग करना गैर कानूनी है। ऐसा करने के आरोपी के विरूद्घ डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस संबंध सभी एआरओ को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## विद्यार्थियों ने संगीत समारोह में बिखेरे जलवे

- जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में वीरवार को कलाकृति क्लब एवं रेज़ोनेंस क्लब के तत्वावधान में संगीत समारोह आशाएं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गायन, नृत्य व नाटक से लेकर शायरी कविता तक कई प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया। छात्रों ने मंच पर मधुर धुनों, मनमोहक नृत्य, मनमोहक प्रदर्शन व भावपूर्ण कविता से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आशाएं ने छात्रों को अपनी कलात्मक क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया, जिससे प्रतिभागियों, दर्शकों के बीच समुदाय व सौहार्द की भावना को बढ़ावा मिला। यह प्रतिभा, जुनून व कलात्मक अभिव्यक्ति की शक्ति का उत्सव था।

### जिले की अनाज मंडियों में अब कर 79567 मीट्रिक टन गेहूं की हुई आवक

# अनाज मंडियों में बढ़ने लगी गेहूं की आवक

- उपायुक्त ने गेहूं खरीद में लगे संबंधित एजेंसियों व अधिकारियों को दिए सूचारू रुप से गेहूं खरीदने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** मंडी में बिकने के लिए पहुंची गेहूं को वाहन से नीचे उतारते मजदूर।

मौसम में आए दिन हो रहे बदलाव के चलते जिले में गेहूं की कटाई जोरों पर शुरु हो गई है और अनाज मंडियों में गेहूं की आवक तेज हो गई है। आज शाम तक जिला की तेरह अनाज मंडियों में 79567 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। जिसे खरीद एजेंसियों ने 2275 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदा गया है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि जिला की सभी तेरह अनाज मंडियों में अब तक पहुंची कुल 79567 मीट्रिक टन गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 31252 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 39397 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाउस कॉपार्रेशन द्वारा 8918 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि अभी तक बिलासपुर अनाज मंडी में 11278 , छछरौली मंडी में 6623 , गुमथला राव मंडी में 2017 ,जगाधरी मंडी में 11689, जठलाना अनाज मंडी में 1281 ,खारवन मंडी में 1132 ,प्रताप नगर मंडी में 6237 ,सरस्वती नगर में 17474 , रादौर में 12130 , रणजीतपुर में 3025 ,रसूलपुर मंडी में 2438 , साढ़ौरा मंडी में 4192 व यमुनानगर मंडी में 51 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। जिसकी खरीद विभिन्न सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा की जा चुकी है।

### अनाज मंडियों में सुविधाओं ना रहने दें अभाव

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने संबंधित अधिकारियों को अनाज मंडियों में पेयजल, सफाई, शौचालय ,बिजली व्यवस्था आदि सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सुविधाओं के अभाव में किसानों, मजदूरों व आढ़तियों को कोई परेशानी ना उठानी पड़े। मंडियों में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हों।

## मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न

- महिला मंडल ने स्थापित करवाई राम दरबार व राधा-कृष्ण की मूर्तियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** रादौर में आयोजित शोभायात्रा में भाग लेते श्रद्धालु। *फोटो: हरिभूमि*

रास बिहारी महिला संकीर्तन मंडली के तत्वावधान में शिव मंदिर शास्त्री कालोनी में चल रहा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह वीरवार को संपन्न हो गया। इस दौरान महिला मंडल द्वारा राम दरबार व राधा कृष्ण की मूर्तियाँ स्थापित करवाई गई हैं। प्राण प्रतिष्ठा मंदिर के पुजारी पंडित विपुल दुबे व पंडित गोलू की टीम ने सनातन वैदिक पद्धति से कार्य संपन्न करवाया। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व मूर्तियों को अन्न वास, जल वास, पुष्प वास, वस्त्र वास इत्यादि ज़रूरी उपचार करवाए गए। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व मूर्तियों के साथ शोभा यात्रा भी निकाली गई। ढोल नगाड़े के साथ शुरू हुई शोभा यात्रा शिव मंदिर शास्त्री कालोनी से प्रारंभ होकर कई मार्गों से होती हुई निकली। शोभा यात्रा के पश्चात पंडितों ने विधिवत मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा करवाई। हवन यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम संपन्न हो गया। मौके पर महिला मंडल की सुनीता आहुजा, वीना, सुनीता मेहता, संगीता, नेहा, ऊषा, ललिता स्वीटी, नीलम, क्षमा, रितु, सुशील शर्मा, भारत भूषण मेहता, देवी दयाल अरोड़ा, राजेश शर्मा आदि मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

## नवीन जिन्दल को भारी मतों से जिताएगी जनता

**शाहबाद।** स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा से चुनाव लड़ रहे पूर्व सांसद नवीन जिंदल रिकॉर्ड तोड़ मतों से कुरूक्षेत्र लोकसभा से जीत कर भाजपा की झोली में कुरुक्षेत्र लोकसभा की सीट डालेंगे। समाजसेवी संदीप गर्ग ने शाहबाद में डा. भास्कर गुप्ता के निवास पर भाजपा प्रत्याशी नवीन जिन्दल का फूल गुच्छ देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगवाई में तीसरी बार देश में भाजपा की सरकार बनने जा रही है।

## आदेश अस्पताल में ओसीटी मशीन स्थापित

**शाहबाद।** मोहड़ी स्थित आदेश अस्पताल व मेडिकल कॉलेज के आई विभाग में ऑप्टिकल कोहरेन्स टोमोग्राफी ओसीटी मशीन स्थापित की गई है। जोकि नेत्र रोगों के बारे में जानकारी लेने की दिशा में नवीनतम उपकरण है। एमडी डा. गुरसतिन्द्र सिंह ने बताया कि यह मशीन शुगर रोगियों के आंखों के पर्दे के रोगों के बारे में क्षण में जानकारी देने में कारगर है। उन्होंने कहा कि कई शुगर प्रभावित रोगी के आंख के पर्दे पर रक्त जम जाता है अब इसकी जानकारी ओसीटी मशीन से मिल सकेगी।

## ब्रह्मसरोवर की आरती में राधिका ने लिया भाग

**कुरुक्षेत्र।** शास्त्रों में कुरुक्षेत्र की महिमा अपार है। ब्रह्मसरोवर की संध्याकालीन आरती में भाग लेकर यूएसए से आई राधिका गुप्ता एनआरआई ने कहा कि महा आरती में शामिल सैकड़ों लोगों में बीच स्वयं को पाकर वे सौभाग्यशाली समझती हैं। भगवान श्री कृष्ण जी की कर्म भूमि के कण कण में उनका आभास महसूस होता है। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा दिए गए गीता के उपदेश आज के समय में लोगों को अपने जीवन में अवसाद से छुटकारा दिलाने में मदद करते हैं।

## भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के संयोजक बने जितेंद्र

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति जितेंद्र ढींगरा निक्कू को भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। जितेंद्र ढींगरा ने अपनी इस नियुक्ति पर प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बोधराज सीकरी मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेश प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर पवन सैनी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह पूरी निष्ठा और लगन से उसे निभाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा की बैठक आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र लोकसभा कार्यालय में भाजपा ओबीसी मोर्चा की एक विशेष बैठक आयोजित हुई जिसमें विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष फूल सिंह पाल ने की जिसमें मुख्यातिथि ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष करण देव कंबोज शामिल रहे। बैठक में चर्चा करते हुए करण देव कंबोज ने कहा आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा ओबीसी मोर्चा किस प्रकार से बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाए और उन्होंने यह भी कहा कि ओबीसी वर्ग हमेशा भाजपा से जुड़ा हुआ है और जुड़ा रहेगा।

## श्रीराधाकृष्ण मंदिर में श्री राम दरबार उत्सव आयोजित

**थानेसर।** महादेव मोहल्ला थानेसर स्थित श्रीश्री राधाकृष्ण मंदिर में 28वां श्रीराम दरबार स्थापना दिवस धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भजन संध्या, हवन और भंडारा हुआ। कार्यक्रम के आयोजक विजय भारद्वाज ने बताया कि यह आयोजन राम दरबार एवं हॉल की स्थापना के सहयोगी स्व.जयकिशन शर्मा-स्व.विमला शर्मा (कनाडा) की स्मृति में करवाया गया। भजन संध्या में गायक लखबीर सिंह लक्खा ने मधुर भजन सुनाकर समां बांधा। पूरे मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनियों एवं फूलमालाओं से सजाया गया।

### केयू में रोस्ट्रम प्रतियोगिता-वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

# सार्वजनिक भाषण प्रतियोगिता छात्रों के लिए आगे बढ़ने का मंचः प्रो. सोमनाथ

**रोस्ट्रम प्रतियोगिता विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, प्रस्तुति कौशल तथा व्यक्तित्व कौशल में निखार लाती है।**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सोमनाथ सचदेवा ने रोस्ट्रम प्रतियोगिता 2023-2024 के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि विजेताओं को कहा कि यह सार्वजनिक भाषण प्रतियोगिता युवा छात्रों के लिए आगे बढ़ने का प्रेरक मंच है। रोस्ट्रम प्रतियोगिता विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, प्रस्तुति कौशल तथा व्यक्तित्व कौशल में निखार लाने का कार्य करती है। इससे पहले सरस्वती पूजन, दीप प्रज्वलन एवं कुलगीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कुलपति ने कहा कि रोस्ट्रम शब्द के आर का अर्थ सार्थकता, ओ का अर्थ विषय वस्तु की वास्तविकता, एस का अर्थ स्टोरी, टी का समय प्रबंधन, आर का आडियंस के साथ सामंजस्य, यू से यूनीकनेस तथा एम का अर्थ मोटिवेट द ऑडियंस होता है। इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखकर विद्यार्थी अच्छे वक्ता बन सकते हैं। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने महाराष्ट्र रालेगन सिद्दि गांव का उदाहरण देकर विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि अभी हॉल ही में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणा प्रदेश की पहली ए-प्लस-प्लस ग्रेड यूनिवर्सिटी बनी है तथा स्वायत्तता प्राप्त विश्वविद्यालयों की श्रेणी में केयू 8वें स्थान पर हैं।

### खेलों में भी कुवि आगे

खेलों व सांस्कृतिक गतिविधियों में भी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर पर विशेष उपलब्धि प्राप्त की है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह मंच विद्यार्थियों में आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति को विकसित करता है। इसके पहले केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि केयू द्वारा रोस्ट्रम भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 2005 से किया जा रहा है जो तीन स्तर पर आयोजित की जाती है तथा कुवि के सभी विभागों के विद्यार्थी इसमें भाग लेते हैं।

### विद्यार्थियों में रचनात्मकता के लिए प्रतिभागी कार्यक्रम जरूरी



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विद्यार्थियों में रचनात्मकता के लिए प्रतिभागी कार्यक्रम जरूरी है। उन्होंने कहा कि क्रोइसैन्स 2024 विचारों और नवीनता, चुनौती और रचनात्मकता, यादों और क्षणों, उत्सवों और प्रतिबद्धता, प्रशंसा और विरासत का त्योहार है; जहां कोऑर्डिनेशन, रिस्पान्सबिलिटी, ऑर्गनजैशन, इनोवैशन, स्टाफ डिवेलप्मन्ट, स्ट्रैटेजिक प्लैनिंग, अडैप्टबिलटी, नेट्वर्किंग, कम्यूनकेशन, एथिकल कन्डक्ट वे दस सिद्धांत हैं जिन पर यह क्रोइसैन्स खड़ा है। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा सफलतापूर्वक रूप से आयोजित किए जा रहे तीन दिवसीय वार्षिक प्रबंधन और सांस्कृतिक उत्सव के उद्घाटन समारोह के लिए बधाई दी। यूएसएम की इवेंट डायरेक्टर और चेयरपर्सन प्रो. निर्मला चौधरी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए यूएसएम के एमबीए छात्रों की सराहना की, जिन्होंने इस शो को प्रो. सिद्धार्थ भारद्वाज, डॉ. सलोनी दीवान, और डॉ. उत्कर्ष मंगल के निर्देशन में इस उत्सव की पूरी तरह से परिकल्पना और प्रबंधन किया। कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर सुशील शर्मा ने देशभर के प्रतिष्ठित संस्थानों से आए प्रतिभागियों को कार्यक्रमों के बारे में बताया और उल्लेख किया कि कैसे ऐसे आयोजन लोगों को एकजुट करते हैं।

## शिविर में 45 मरीजों के निःशुल्क टेस्ट किए




**शाहबाद।** रोटरी क्लब द्वारा सिद्धार्थ हस्पताल में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इस शिविर में डॉक्टर रेड्डी कम्पनी लिमिटेड द्वारा शुगर का टेस्ट), आंखों के पर्दे की जांच, पैरों के नसों की जांच, किड्नी की जाँच पेशाब के टेस्ट द्वारा मुफ्त किए गए। इन सभी टेस्टों की रिपोर्ट्स के बाद मरीजों को इन दिक्कतों के बारे में सजग किया गया और आगे के इलाज के बारे में बताया गया। यह टेस्ट रोटेरियन डॉ. दीपक शर्मा की देखरेख में किया गया। इसमें 45 मरीजों के निशुल्क टेस्ट किए। कार्यक्रम की शुरूआत रोटरी प्रधान रो. आशुतोष गर्ग द्वारा की गई तथा उन्होंने आए हुए सभी मरीजों को अपने आपको स्वस्थ रहने के लिए कहा। प्रोजेक्ट चेयरमैन रो. डॉ दीपक शर्मा और रोटरी प्रधान आशुतोष गर्ग ने बताया कि रोटरी क्लब, शाहाबाद मारकण्डा द्वारा समय समय पर जरूरतमंद लोगों के ऐसे निशुल्क कैंप लगाए जाते हैं। इस अवसर पर वीरेंद्र ठुकराल, राजीव कालड़ा, आरडी गुप्ता , डॉ आरएस घुमन, अंशुल बंसल, सुभाष सिंगला, महेश गोयल, नवीन शर्मा पंकज ओबेरॉय, विष्णु यादव और हैप्पी सिंह तथा हस्पताल स्टाफ उपस्थित रहे हैं।

## जनसेवा करने के उद्देश्य से ही वापस अपनी कर्मभूमि आया : नवीन जिंदल

- झांसा, ठसका मीरां पिहोवा का दौरा किया
- विकास के लिए हर संभव प्रयास

**पिहोवा।** कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नवीन जिन्दल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास मंत्र को दोहराते हुए उपस्थित जनसमुदाय को बोला सरबत दा भल्ला यानी सबका कल्याण हो। अपने जनसम्पर्क अभियान के दौरान आज झांसा, ठसका मीरां, इस्माइलाबाद, जलबेड़ा और पिहोवा में उन्होंने कहा कि यहां का सरस्वती तीर्थ हिंदू-सिख भाईचारे का प्रतीक है। यहां प्रत्येक वर्ष दुनिया के कोने-कोने से आकर लोग अपने पूर्वजों का स्मरण करते हैं। तीर्थनगरी पिहोवा में सिखों के प्रथम गुरु श्री नानकदेव जी, छठी पातशाही गुरु श्री हरगोबिंद जी, नौवीं पातशाही गुरु श्री तेग बहादुर जी और 10वीं पातशाही गुरु श्री गोबिंद सिंह जी के पवित्र चरण पड़े। भगवान शंकर और श्रीकृष्ण भी यहां पधारे हैं। जिन्दल ने कहा कि वे जनसेवा करने के उद्देश्य से ही वापस अपनी कर्मभूमि कुरुक्षेत्र आए हैं। उन्होंने कहा कि सांसद के रूप में उनकी 10 साल की सेवा में विकास के कई काम हुए। मरीजों का निशुल्क इलाज हो, महिलाओं के सशक्तिकरण के काम हो, 70 हजार शौचालयों का निर्माण हो या खिलाड़ियों की सुविधा के लिए विश्व स्तरीय सुविधाएं मुहैया करवाना हो, उन्होंने कुरूक्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए और आगे भी विकास कार्यों को जारी रखने के लिए वो कटिबद्ध हैं। इस अवसर पर उनके साथ संदीप सिंह, प्रभारी राजकुमार सैनी, मनदीप विर्क, स. गुरविंदर सिंह नत्त, मंडल अध्यक्ष चिरंजीवी गर्ग, मीना कुमारी, विनोद कंसल, जय सिंह पाल, हेमराज सिंगला, पुनीत बंसल, प्रहलाद भगत शर्मा, परमजीत गुंबर, बलदेव शर्मा आदि मौजूद रहे।

# देश के विकास में सहयोग करें युवा : सुभाष कलसाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहबाद

भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष निरवैर सिंह विर्क का शाहाबाद पहुंचने पर पवन हबाना के कार्यालय में सुभाष कलसाना पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, अमरजीत डांगी सदस्य ओबीसी मोर्चा, कृष्ण कुमार, दीपक आनंद, विनोद हबाना, गुलशन कुमार, गौरव सैनी महासचिव नेताजी सुभाष चंद्र बोस यूथ फाउंडेशन द्वारा स्वागत किया गया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुभाष कुलसना ने कहा कि युवाओं को आगे बढ़ना चाहिए और इस देश के विकास में सहयोग करना चाहिए। नेताजी सुभाष चंद्र बोस यूथ फाउंडेशन समय-समय पर युवाओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाती रहती है ताकि युवा जागरूक रहे और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें। नशा मुक्त पर्यावरण युक्त अभियान में सभी से सहयोग की अपेक्षा की। इस अवसर पर निर्भर सिंह विर्क अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष ने कहा कि हम युवाओं को जोड़ने का काम करेंगे युवाओं को नशा मुक्त पर्यावरण युक्त अभियान से जोड़ेंगे और आने वाले समय में 100% मतदान के लक्ष्य को लेकर हम नेताजी सुभाष चंद्र बोस यूथ फाउंडेशन का सहयोग करेंगे। विर्क ने कहा कि संगठन ने जो मुझे जिम्मेदारी दी है मैं उसको बखूबी निभाऊंगा। उन्होंने 100% मतदान का जो लक्ष्य लेकर कार्य कर रहे हैं लोगों को जागरुक कर रहे हैं।

# रुके विकास कार्यों को जल्द शुरू करवाया जाएगा

- समाजसेवी संदीप गर्ग ने की लाडवा ब्लॉक के सरपंचों से मुलाकात
- गांवों में कुछ दिक्कते हैं, उन्हें जल्द ही दूर करवाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाडवा



**लाडवा।** अपने कार्यालय में समाजसेवी संदीप गर्ग के साथ ब्लॉक के सरपंच।

भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने लाडवा अनाजमंडी स्थित अपने कार्यालय में लाडवा ब्लॉक के सरपंचों से मुलाकात कर उनके गांवों में आ रही दिक्कतों के बारे में जानकारी ली। भाजपा नेता संदीप गर्ग ने कहा कि गांव में जो भी विकास कार्य रुके पड़े हैं उन्हें जल्द ही पूरा करवाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि गांव का सरपंच ही गांव का मुखिया होता है और सरपंच के हाथ में गांव के सब कार्य होते हैं। उन्होंने कहा कि जब सरपंची का चुनाव होता है तो गांव के लोग उसे वोट देकर सरपंच की कुर्सी पर बिठाते हैं ताकि वह गांव के भले के कार्य कर सकें। उन्होंने कहा कि वह जानते हैं कि गांवों में कुछ दिक्कते हैं, परंतु उन्हें जल्द दूर करवा दिया जाएगा। इस मौके पर धनौरा सरपंच सुभाष चंद, बदरपुर सरपंच कर्मबीर, बकाली सरपंच परविन्द्र सिंह, बन सरपंच बलकार सिंह, बरोट से सरपंच रोशन लाल, ब्राहण सरपंच जसविन्द्र सिंह, भालड़ सरपंच बलकार सिंह, भूतमाजरा सरपंच अनिल शर्मा, बीड बड़तोली सरपंच शीतल सैनी, छपरा सरपंच राजेन्द्र कुमार, घडोला सरपंच सूरज, संभालखा सरपंच सोहन लाल, गुढ़ा सरपंच सुरजीत सिंह, गुढ़ी सरपंच गुरदीप सिंह, हलालपुर सरपंच मनोज कुमार, खरकाली सरपंच स्वर्ण सिंह, खेड़ी दबदलान सरपंच बलजोर सिंह, मेहरा सरपंच सूरमुख सिंह, मुरादनगर सरपंच रणपाल, पटाकमाजरा सरपंच संजीव कुमार, प्रलादपुर सरपंच शीशपाल, सलेमपुर सरपंच सुनील कुमार, शहजादपुर सरपंच राजेश कुमार, गोपी चंद, बड़ाचपुर सरपंच सतीश कुमार आदि मौजूद थे।

## अब तक 2 लाख 17 हजार एमटी गेहूं खरीदी

**कुरुक्षेत्र।** गेहूं खरीद के सीजन में अब तक खरीद एजेंसियों द्वारा अलग-अलग खरीद केन्द्रों से कुल 2 लाख 17 हजार 986 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। इस जिले में खरीद केन्द्रों पर गेहूं की खरीद का कार्य सुचारु रुप से चल रहा है। इन खरीद केन्द्रों पर किसान अपनी फसलों को लेकर अपने निर्धारित शेड्यूल के अनुसार खरीद केन्द्रों पर पहुंच रहे है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के आधार पर कहा कि खरीद केंद्रों पर 17 अप्रैल 2024 तक खरीद एजेंसियां द्वारा 2 लाख 17 हजार 986 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है, जिसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 1 लाख 13 हजार 263 एमटी, हैफेड द्वारा 99505 एमटी, हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 4997 व ट्रेडर्स द्वारा 221 एमटी गेहूं की खरीद की गई है। अजराना कला मंडी में 1098 एमटी, अमीन मंडी में 1135 एमटी, बाबैन मंडी में 10872 एमटी गेहूं खरीदी गई है।

# नवीन बोरी उठाकर नाटक कर रहे : डॉ. सुशील

- इंडि गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने शाहबाद में चुनावी यात्रा की
- सब्जी मंडी में चाय की दुकान पर व्यापारियों को चाय बनाकर पिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र/शाहबाद



आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडि गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने वीरवार को शाहबाद में चुनावी यात्रा की। उन्होंने अपनी चुनावी यात्रा की शुरूआत शाहाबाद की सब्जी मंडी से की जहां उन्होंने चाय की दुकान पर व्यापारियों को चाय बनाकर पिलाई। इसके बाद शहीद उधम सिंह मेमोरियल हॉल में कार्यकताअरं के साथ बैठक की। फिर श्री कृष्ण धर्मशाला में आयोजित इंडिया गठबंधन कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। यहां से हुड्डा सेक्टर-1 चाय कार्यक्रम में पहुंचे और शाम को गांव हबाना में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों और महिलाओं का आशीर्वाद लिया और ₹इंडिया₹ गठबंधन को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आज आम आदमी पार्टी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ जो 37 दिन का समय बचा है उसको कैसे इस्तेमाल किया जाए। उन्होंने कहा मैं कल देख रहा था कि भाजपा के उम्मीदवार नवीन जिंदल एक बोरी उठाकर किसान हितैषी होने का नाटक कर रहे थे। जब इसी कुरुक्षेत्र में पीपली से किसानों पर लाठियों की शुरूआत हुई और पूरे देश में भाजपा ने किसानों पर जुल्म किया। डेढ़ साल तक किसानों को दिल्ली बॉर्डर पर बैठा कर रखा। उस समय नवीन जिंदल कहां थे? उन्होंने कहा कि हवाई जहाज में रहने वाले और कभी पानी का गिलास न उठाने वाले, आज बोरी उठाकर दिखा रहे हैं। सुना है कि बोरी उठाने से उनकी कमर में खींच पड़ गई है जिसे मसाज लेकर ठीक करवाना पड़ा। जनता इनके नाटक को समझती है, वोट की चोट से इनको सबक सिखाने का काम करेगी।

## श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली में मां भगवती जागरण 21 को



**कुरुक्षेत्र।** श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली (कुरुक्षेत्र) के पीठाधीश डॉ. सुरेश मिश्रा ने भक्तों को आज संकीर्तन में बताया कि डॉ. सुरेश मिश्रा का पैत्रिक परिवार परदादा स्वर्गीय पंडित सीता राम मिश्रा, दादा स्वर्गीय पंडित जटा शंकर मिश्रा व पिता स्वर्गीय पंडित श्री शेषमणि मिश्रा सन 1860 से वैदिक ज्योतिष, वास्तु एवं धार्मिक कार्यक्रमों को समाज के विकास एवं कल्याण हेतु वाराणसी से सेवा प्रदान कर रहा है। 31 दिसम्बर 1963 को श्रीदुर्गा देवी मन्दिर की स्थापना उनके पूज्यनीय पिता स्वर्गीय पंडित शेषमणि मिश्रा संस्थापक ने समस्त पिपली के भक्तों द्वारा करवाई थी। तभी से नवरात्र में चैत्र और आश्विन मॉस की त्रयोदशी को भगवती जागरण और चौदस नवरात्र को यज्ञ व भंडारा प्रारम्भ हुआ था। उसी श्रृंखला में समस्त पिपली निवासियों के सहयोग से भगवती जागरण चैत्र मॉस की त्रयोदशी नवरात्र रविवार 21अप्रैल 2024 को रात्रि 9 बज कर 30 मिनट से गायक रवि राजन एण्ड पार्टी द्वारा किया जाएगा। चौदस नवरात्र सोमवार 22 अप्रैल 2024 को यज्ञ 10 बजे एवं भण्डारा दोपहर 12 बजकर 30 मिनट से मन्दिर परिसर में होगा। पडिंत राहुल मिश्रा ने वैदिक मन्त्रों से पूजा-अर्चना करवाई क समस्त विश्व कल्याण हेतु माँ दुर्गा का संकीर्तन और श्री दुर्गा चालीसा पाठ भक्त सुशील तलवाड़ ऊषा शर्मा , मीनू गर्ग, सुमित्रा पाहवा, अनु पाहवा व शिमला धीमान और छोटे बच्चो के साथ सभी भक्तों ने किया।

## कुरुक्षेत्र में लोकल उम्मीदवार को उतारेगी जजपा : दिग्विजय



**कुरुक्षेत्र।** जननायक जनता पार्टी के शहरी जिला अध्यक्ष एवं योगेश शर्मा के कार्यालय पहुंचे जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि कुरुक्षेत्र के चुनावी रण में जजपा लोकल उम्मीदवार को उतारेगी। उन्होंने कहा कि यह कुरुक्षेत्र का दुर्भाग्य रहा है कि अब तक यहां से ज्यादातर बाहरी प्रत्याशी ही सांसद बनते आए हैं। जो चुनाव जीतकर 5 साल तक जनता के बीच से गायब रहते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए जननायक जनता पार्टी स्थानीय जिताऊ उम्मीदवार को ही चुनाव मैदान में उतारेगी ताकि वह चुनाव जीतकर जनता के बीच में रहकर जनता की सेवा कर सके। इस अवसर पर उनके साथ जजपा जिलाध्यक्ष कुलदीप जखवाला, जसविंदर खैहरा, जसबीर पंजेटा, देवेंद्र राणा, सूर्यांश शर्मा, वीरेंद्र, रिकी नंदा, हेमंत परुथी, अनिल ढुल, संजीव गांधी ज्योतिसर, महिंदर मलिक आदि भी मौजूद थे।

### कथा वाचक भागवत प्रवक्ता अनिल शास्त्री वेदाचार्य ने दिए प्रवचन

# भगवान विष्णु ने तोड़ा राजा बलि का अभिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर सेक्टर-8 हाउसिंग बोर्ड गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति द्वारा समिति के संस्थापक अध्यक्ष व प्रसिद्ध कथा वाचक भागवत प्रवक्ता अनिल शास्त्री वेदाचार्य ने उपस्थित श्रोताओं को प्रवचन में बताया भगवान विष्णु ने सतयुग में अपना पांचवा अवतार वामन का लिया था। भगवान वामन ऋषि कश्यप तथा उनकी पत्नी अदिति के पुत्र थे। भागवत कथा के अनुसार, असुर राजा बली ने इन्द्र का देवलोक हड़प लिया था। इंद्र को देवलोक पर अधिकार दिलाने के लिए भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया। भगवान वामन एक बौने ब्राह्मण के वेश में विरोचन के पुत्र तथा प्रहलाद के पौत्र बली के पास गए। भगवान वामन ने बली से अपने रहने के लिए 3 पग भूमि मांगी। असुरों के गुरु शुक्राचार्य ने बली को चेताया कि वह ऐसा न करे। लेकिन बली ने भगवान वामन को 3 पग भूमि देने का वचन दे दिया। इसके बाद भगवान वामन ने अपना विशाल स्वरूप धारण कर लिया, पहले पग में पूरा भूलोक (पृथ्वी) और दूसरे में देवलोक नाप लिया। तीसरे कदम के लिए कोई भूमि नहीं बची, तो बली ने तीसरे पग के लिए अपना सिर सामने कर दिया। भगवान वामन बली की वचनबद्धता से प्रसन्न हुए, उन्होंने उसे पाताल लोक देने का निश्चय किया। उन्होंने तीसरा पग बली के सिर पर रखा, जिससे वह पाताल लोक में पहुंच गए। इस प्रकार भगवान वामन ने देवताओं को उनका देवलोक वापस दिलाया। इस अवसर पर अशोक बिश्नोई, शकुंतला बिश्नोई, तमन्ना बिश्नोई, अनिल गर्ग, सुमन गर्ग, नवीन बंसल, सुनीता बंसल, रमेश राणा, एस.पी गुप्ता अनिता देवी, नरेश गर्ग, मीनू गर्ग, अनिता देवी, सरिता शर्मा एवं अन्य महिलाएं उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराड़ा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी रोबि को गिरफ्तार किया है। उगाला के देवेंद्र ने 21 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि चोरों ने गांव में मंदि के दानपात्र का ताला तोडकर नकदी व अन्य सामान चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी राजिंद्र सिंह उर्फ राज सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अब 2 दिन के रिमांड पर लिया गया है। समलेहड़ी के अंकुर ने 5 जनवरी 2022 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी मुरशलीन, जसवंत उर्फ रिंकू, राजेंद्र सिंह, लखविंद्र सिंह उर्फ मलवई, हरप्रीत सिंह, डॉ. विनोद, बब्बभान व मन्नु उर्फ गोल्डी ने 19 जुलाई 2017 को कैंसर की दवाई देने का लालच देकर उससे एक बड़ी रकम हड़पने धोखाधड़ी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी विशाल को गिरफ्तार किया है। बीच की डिग्गी के रहने वाले आशीष ने 29 फरवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 20 फरवरी 2024 को सब्जी मंडी के पास आरोपी लखन, तरूण व अन्य ने उससे मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### घर बैठे डाउनलोड कर करें डिजिटल वोटर कार्ड

**जींद।** चुनाव आयोग ने चुनाव से जुड़े सभी महत्वपूर्ण कार्य ऑनलाइन कर दिए हैं। चुनाव आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रोनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई.ईपीआईसी की सुविधा शुरु कर रखी है। अगर मतदाता की वोटर आईडी कहीं गुम हो गई है या फिर वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता हैं तो वोटर हेल्पलाइन एप या फिर चुनाव आयोग की वेबसाइट से वोटर कार्ड मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकते हैं। डिजिटल वोटर कार्ड ई.ईपीआईसी को डिजी लॉकर में भी अपलोड किया जा सकता है।

### तीन स्थानों से टयूबवेलों के कीमती उपकरण चोरी

**जींद।** जिले में बीती रात चोरों ने ने खेतों से तीन स्थानों पर टयूबवैलों से सामान को चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने किसानों की शिकायतों पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव बरहाखुर्द निवासी सत्यवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात को चोरों ने उसके खेत से टयूबवैल के पंखे व अन्य सामान, पड़ोसी किसान बिजेंद्र के खेत से टयूबवैल से कीमती सामन को चोरी कर लिया। वहीं गांव सुरबुरा निवासी भीरा के खेत से चोरों ने बिजली मोटर को चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

### कांगेसी नेता रोहित जैन ने उठाई अमृतसर-दिल्ली मार्ग खोलने की मांग

# हाइवे बंद, होलसेल कपड़ा मार्केट के दुकानदारों को हो रहा नुकसान

**दुकानदारों ने बताया कि प्रशासन ने शंभू बॉर्डर पर बैरीगेड लगाकर रास्तों को बंद किया हुआ है**

- विधयार्थियों को स्कूल कॉलेज में पहुंचने में बहुत मुश्किल हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाल



**अंबाला।** कपड़ा व्यापारियों से मुलाकात करते कांग्रेसी नेता रोहित जैन व अन्य।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष रोहित जैन से वीरवार को अंबाला शहर की कपड़ा मार्केट के दुकानदारों से मुलाकात की। दुकानदारों ने बताया कि प्रशासन ने शंभू बॉर्डर पर बैरीगेड लगाकर रास्तों को बंद किया हुआ है। न केवल बड़े व्यापारियों बल्कि छोटे दुकानदारों, दुकानों पर काम करने वाले कर्मचारियों, व मजदूरों आदि को भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों ने कहा कि इस समय पूरी होलसेल कपड़ा मार्केट पूरी तरह ठप पड़ी है। आसपास के एरिया से विधयार्थियों को स्कूल कॉलेज में पहुंचने में बहुत मुश्किल हो रही है। ट्रांसपोर्ट का बिजनेस ठप पड़ा है। कारखानों में न ही कच्चा माल आ रहा है और न ही तैयार माल जा पा रहा है। दुकानदारों ने बताया कि होलसेल कपड़ा मार्केट उत्तरी हरियाणा की सबसे बड़ी मार्केट है। यहां पर दूर दराज से लोग कपड़ा खरीदने पहुंचते है लेकिन प्रशासन के द्वारा की गई बेरिकेडिंग से लोगों को आने में समस्या हो रही है और कामकाज ठप पड़ा है। जैन ने कहा कि किसान आंदोलन के नाम पर सरकार द्वारा बिना सोचे समझे जिस प्रकार से पूरे हरियाणा मे खासतोर पर अंबाला के सभी मार्गों को पक्की बैरीकेडिंग लगा कर बंद किया गया उससे न सिर्फ व्यपारी, दुकानदार, दिहाड़ीदार आदि बल्कि समाज का हर वर्ग परेशान हुआ है। लगभग पिछले दो महीने से प्रशासन द्वारा शंभू बॉर्डर जो कि पंजाब, हिमाचल व जम्मू को जाने वाला रास्ता है वह पक्की बेरिकेडिंग करके बंद किया गया है। रूट डायवर्ट होने की वजह से जो अंबाला से पंजाब आने जाने वाले लोगों को वाया चंडीगढ़ होकर जाना पड़ता है। इससे लोगों के समय, ईंधन व पैसों आदि का नुकसान हो रहा है। जनता को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों द्वारा शांतिपूर्वक बैठकर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है, परंतु लॉ एंड ऑर्डर के नाम पर प्रशासन द्वारा आम जनता को नाजायज रूप से तंग किया जा रहा है। इससे समाज के हर वर्ग चाहे वो विद्यार्थी हो, व्यपारी हों, दुकानदार हों, मजदूर हों, दिहाड़ीदार हो, नौकरीपेशा , ट्रांसपोर्टर्स व उद्योगपतियों को भी नुकसान हो रहा है।जैन ने कहा जिस तरह से लोग विदेश मे अवैध रूप से डंकी के मार्फत इधर से उधर जाते है उसी तरह प्रशासन द्वारा लगाई गई पक्की बेरिकेडिंग के कारण लोगों को अपने ही देश मे साथ साथ लगते हुए गावों मे नाला, नदी व खेत पार करके जाना पड़ रहा है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर कांग्रेसी नेता तरुण चूघ, कुलदीप सिंह गुल्लू, सुरजीत सिंह पंजोखरा, एसके गुप्ता, पूर्व पार्षद गुरदेव सिंह, हरजीत सिंह बब्बल, विपिन गर्ग, रूपचंद, रोहित गर्ग, जतिंद्र पाल सिंह सोढ़ी, राजपाल शर्मा, सांई गौड़, किरण राणा, अधिवक्ता गौरव कुकरेजा, मुकेश राजपूत, हरभजन सिंह भसीन, महेश, सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

---

## सोनिया वर्मा को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

- नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पूर्व गृहमंत्री अनिल विज से मुलाकात कर जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** पूर्व मंत्री अनिल विज से मुलाकात करती भाजपा महिला मंडल की नवनियुक्त पदाधिकारी।

भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्षा वीना शर्मा ने अपनी कार्यकारिणी का गठन किया। तत्पश्चात महिला मोर्चा की कार्यकारिणी सदस्याओं ने अनिल विज से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। मीडिया प्रभारी परमिंद्र शर्मा ने बताया कि नवनियुक्त कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर सोनिया वर्मा, नेहा पुरी, सोनाली उप्पल, राम प्यारी, नीलम मल्होत्रा, शान्ति, महामंत्री रंजू वर्मा, अंजली वर्मा,, सचिव जसविंद्र कौर, निर्मल बंसल, विभा शर्मा, ममता गोयल, सोनिया, अनिता रावत, कोषाध्यक्ष गुड्डी पनवार, सोशल मीडिया प्रमुख रितु भोला, मीडिया प्रभारी पूजा शर्मा, अंजू शर्मा की नियुक्ति की गई है।

इसके अलावा अर्चना शर्मा, तरणजीत कौर, अनिता रस्तोगी, शीतल, राज रानी, राकेश वर्मा, अंजु शर्मा, लता, सरिता शर्मा, निर्मल अग्रवाल, प्रतिभा, संध्या, शालू जिंदल और सुरिंद्र कौर को कार्यकारिणी सदस्या के तौर पर शामिल किया गया। इस मौके पर महिला मोर्चा ज़िला महामंत्री आरती सहगल भी उपस्थित रहीं। मंडल अध्यक्षा वीना शर्मा ने उनको दोबारा अध्यक्ष बनाए जाने पर अनिल विज व विजेंद्र चौहान का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारी पूरी टीम आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया को भारी मतों से जिताने के लिए जी जान से कार्य करेंगी। भाजपा ने सदैव ही नारी शक्ति के मान सम्मान को बढ़ाया है चाहे वो आरक्षण देना हो, उज्ज्वला स्कीम के अंतर्गत गैस सिलेंडर देना हो या लखपति दीदी बनाना हो।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

- शिकायतकर्ता भगत सिंह ने 21 जुलाई 2022 को शिकायत दर्ज करवाई थी

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में सीआईए वन ने आरोपी अमरजीत सिंह को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता भगत सिंह ने 21 जुलाई 2022 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 10 फरवरी 2021 को आरोपी जोगिंद्र सिंह ने बसंत विहार बलदेव नगर में ट्रक की किश्त एग्रीमेंट अनुसार पूरा न करने व ट्रक को वापिस न करने बारे धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

## छात्राओं को मतदान के बारे में किया जागरूक




**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में स्वीप के अंतर्गत मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें कुछ गतिविधियों स्लोगन लेखन ,निबंध लेखन ,स्किट व मुख इलेक्शन का आयोजन करवाया। मॉक इलेक्शन गतिविधि में मुख्य अतिथि के रूप में गीता राम नायब तहसीलदार उपस्थित थे। उन्होंने विद्यार्थियों को मतदान करने के महत्व के बारे में बताया कि हमें अपना मत अवश्य दान करना चाहिए और इसका हमारे देश के निर्माण में कितना महत्व है उन्होंने यह भी बताया कि अगर हमें मतदान करते समय कोई समस्या आ जाए तो उसका निर्माण किस प्रकार करना चाहिए । प्राचार्य डॉ इंदू विज ने भी बच्चों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

---

## रामनवमी के उपलक्ष्य में निकाली शोभायात्रा

- ब्रह्मकुमारी आश्रम से शुरू हुई यात्रा रिहायशी कॉलोनियों से होते हुए नारायण मंदिर पर हुई संपन्न
- यात्रा सेक्टर -ए की आटा चक्की से आरंभ होकर सेक्टर-डी के लक्ष्मी नारायण मंदिर पर समापन हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** शोभायात्रा में शामिल बहनों का भव्य स्वागत करती कोमल बहन व अन्य।

ब्रह्मकुमारी डिफेंस कॉलोनी की ओर से रामनवमी के उपलक्ष में शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। आश्रम में आने वाले भाई बहनों ने एवं आश्रम प्रभारी बहनों ने डिफेंस कॉलोनी के पास यात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा सेक्टर -ए की आटा चक्की से आरंभ होकर सेक्टर-डी के लक्ष्मी नारायण मंदिर पर समापन हुई। राजयोग केंद्र इंचार्ज राजयोगिनी ब्रह्मकुमारी कोमल बहन ने कहा गायन है कि सबके राजा राम, राम सवारे काम । श्री राम का जन्म हमें याद दिलाता है कि वह त्याग, तपस्या की मूर्ति थे। मर्यादा पुरुषोत्तम थे और अपने जीवन में उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी कैसे अपने संबंधों को आज्ञाकारी बनकर उनका दिल जीता और सबके प्रिय बने। इस तरह रामनवमी के दिन हमें भी उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए कि कैसे सभी व्यक्तियों के साथ शुभभावना व कामना रखकर अपने संबंधों को मधुर बनाना है तभी हम ऐसा राम राज्य धरती पर ला सकेंगे।

**ये रहे मौजूद**

इस यात्रा के संयोजक के रूप में रेनू भामर, आशा राणा, मीना, अंजू शर्मा, चंचल, जया, राधा, रेखा, प्रिया, कविता, राजदुलारी व सखियां ने अपनी भूमिका निभाई।

## एनसीसी के महानिदेशक ने राष्ट्रीय कैडेट कोर के मुख्यालय का मुआयना किया

- लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीर पाल सिंह को एनसीसी कैडेट्स ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह को गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए कैडेट्स।

एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीर पाल सिंह ने वीरवार को अंबाला छावनी में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के समूह मुख्यालय का दौरा किया। मेजर जनरल मंजीत सिंह मोखा, अपर महानिदेशक, एनसीसी निदेशालय पीएचएचपीएंडसी भी इस अवसर उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत सच्ची सैन्य परंपरा में अनुशासित और मेहनती एनसीसी कैडेटों द्वारा माननीय मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ शुरू हुई और मुख्य अतिथि के प्रति सम्मान प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम के बाद के खंडों में जीवंत बातचीत और चर्चाएं हुई। मुख्य अतिथि ने एनसीसी समूह मुख्यालय के अधिकारियों के साथ बातचीत की। इससे एनसीसी के मिशन को और मजबूती मिली। इसमें संगठन को और अधिक बढ़ावा देने के उद्देश्य से रणनीतिक पहल, संगठनात्मक चुनौतियों और भर्ती योजनाओं पर चर्चा शामिल थी। इसके अलावा, मुख्यअतिथि ने अंबाला समूह के कमांडिंग अधिकारियों, सहयोगी एनसीसी अधिकारियों और उत्साही कैडेटों से भी मुलाकात की, जो एनसीसी के लोकाचार और मूल्यों की रीढ़ है। बातचीत ने सूचनाओं के आदान-प्रदान, एनसीसी को परिभाषित करने वाली सूचनाओं के आदान-प्रदान को सक्षम बनाया। इस अवसर ने नेतृत्व, अनुशासन और देशभक्ति के मूल सिद्धांतों को मजबूत करने का अवसर प्रदान किया। मुख्यअतिथि की इस यात्रा ने न केवल एनसीसी के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया, बल्कि संगठन के नेतृत्व और जमीनी स्तर के बीच मजबूत संबंधों को भी उजागर किया। मेजर जनरल मंजीत सिंह मोखा की उपस्थिति ने युवा प्रतिभाओं को विकसित करने और राष्ट्रीय सेवा की भावना को विकसित करने में मदद की। इसे बढ़ावा देने में एनसीसी नेतृत्व के सामूहिक समर्पण और एकजुट प्रयासों को रेखांकित करता है।

---

## पॉलिसी में जारी निर्देशों का पालन करें

- निजी स्कूल संचालक सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी का करें अनुसरण : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों के एसडीएम मनीष फौगाट ने कहा कि सभी निजी स्कूल संचालक सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के अनुसार की वाहन चलाएं ताकि स्कूल में पढने वाले छात्र व छात्राओं को होने वाली दुर्घटनाओं से बचाया जा सके।

एसडीएम ने यह निर्देश वीरवार को अपने कार्यालय कक्ष में हुई बैठक में पॉलिसी से जुडे अधिकारियों को दिए। एसडीएम ने सभी निजी स्कूल संचालकों को आह्वान किया कि है कि सरकार द्वारा बनाई गई सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी द्वारा ही स्कूल वाहनों को सुरक्षित रूप से चलाने के लिए अनुसरण करें। उपमंडल के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को घर से स्कूल तक लाने व ले जाने के लिए जिन वाहनों का प्रयोग किया जाता है, उन वाहनों के संचालन में पॉलिसी में जारी निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए।

उन्होंने आम लोगों से भी अनुरोध किया है कि वे अपने बच्चों को स्कूल में स्वयं छोड़ें या स्कूल में भेजने के लिए स्कूल बस का ही प्रयोग करें, किसी अन्य अवैध वाहन का प्रयोग ना करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी स्कूल संचालक इन निर्देशों की अवहेलना कर वाहन चलाता हुआ पाया गया तो उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## 28 को दी छात्रवृति, शिक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




**अंबाला।** छात्रों को छात्रवृति प्रदान करते हुए प्राचार्य व अन्य।

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को अलग-अलग स्तर पर छात्रवृत्ति प्रदान की गई ।छात्रों के बीच योग्यता, पित्रहीन बच्चों ,आय,अतिरिक्त सह शैक्षिक गतिविधियों के आधार पर छात्रवृत्ति वितरित की गई ।छात्रवृत्ति से 28 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. पिंकी गुप्ता ने विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्हें उनके भविष्य के लक्ष्यो के लिए प्रेरित किया प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने छात्रों को सुनिश्चित किया कि यदि वे अच्छा प्रदर्शन करते हैं और कॉलेज के लिए गौरव हासिल करते हैं तो उन्हें आगामी वर्षों में भी छात्रवृत्ति जारी रहेगी। छात्रवृत्ति का लाभ लेने वाले छात्रों के लिए यह एक महत्वपूर्ण मौका है ताकि वह अपने सपनों और पेशेवर लक्ष्यो को पूरा करने की दिशा में अग्रसर हो सके ।इसके अलावा छात्रवृत्ति के माध्यम से विद्यार्थियों को उत्साहित किया जाता है और उनके सपनों को साकार करने के लिए आत्मविश्वास दिया जाता है । डॉ. दत्त ने कहा कि जीएमएन कॉलेज सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर रहता है और भविष्य में भी ऐसे सकारात्मक प्रयास करता रहेगा।

## बाइक मैकेनिक पर हमला, हमलावरों ने रंजिश को लेकर बाजू तोड़ी

- पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के बाद एक मैकेनिक पर लाठी-डंडों और तलवार से हमला कर दिया। हमले में मैकेनिक की बाजू टूट गई। इसके अलावा भी शरीर पर कई जगह चोट आई है। सिटी थाने के पुलिस ने पीड़ित के बयान दर्ज करके आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।अंबाला शहर के रामदास नगर वासी सुखचैन सिंह ने बताया कि उसकी पीली कोठी के पास बुलेट रिपेयर की दुकान है। लगभग 10 दिन पहले उसकी गुरमीत सिंह के साथ बुलेट रिपेयर के पैसों को लेकर कहासुनी हुई थी। शिकायतकर्ता के मुताबिक उसी रंजिश में आरोपी गुरमीत सिंह अपने 3 अन्य साथियों के साथ 16 अप्रैल को गाड़ी में सवार होकर आया। वह अपनी दुकान पर बुलेट को ठीक कर रहा था। इसी बीच, गुरमीत सिंह व अन्य बदमाशों ने हमला बोल दिया। हमले में उसकी बाजू व टांग समेत शरीर पर कई जगह गंभीर चोटें आई। उसने आरोप लगाया कि हमलावर उसकी जेब से 16 हजार रुपए भी निकाल कर ले गए। दुकान के बाहर खड़ी बुलेट बाइक को भी तोड़ दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। अंबाला शहर थाने की पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

---

## सीएम से मिले निडानी-ललितखेड़ावासी

- जींद उपमंडल में ही रखने की मांग कर रहे हैं दोनों गांवों के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



सीएम से मिलते हुए ग्रामीण।

निडाना और ललितखेड़ा के ग्रामीण मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिले। दोनों गांवों को जुलाना की बजाय जींद उपमंडल में ही रखने की मांग की। सीएम ने ग्रामीणों को दो दिन में ही समस्या का समाधान करने और सकारात्मक परिणाम का आश्वासन दिया है। उधर नेशनल हाईवे 152डी के फ्लाईओवर के नीचे वीरवार को भी ग्रामीणों का धरना जारी रहा। यहां धरने पर जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा पहुंचे और उनकी मांग का जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया। सीएम से मुलाकात के बाद लौटे निडाना के नंबरदार अनिल कुमार, डा. ईश्वर सिंह, राजपाल सिंह, ललितखेड़ा निवासी टेकराम मलिक, जिले सिंह, महीपाल, फूलकुमार, बलवान, राममेहर मलिक ने बताया कि उन्हें उम्मीद है कि दो से तीन दिन में उनकी समस्या का समाधान करते हुए ललितखेड़ा और निडाना को जींद उपमंडल में ही रखने का नोटिफिकेशन जारी हो जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले पांच माह से दोनों गांवों के लोग कभी डीसी तो कभी विधायक अमरजीत ढांडा और कभी उच्चाधिकारियों के पास चक्कर लगा रहे हैं ताकि उनके गांवों को जींद उपमंडल में ही रखा जाए। जुलाना उपमंडल में जोड़े जाने के बाद उन्हें तहसील से संबंधित कामों के लिए जुलाना जाना पड़ेगा।

### 52 हजार क्विंटल की हो चुकी खरीद

# 62 हजार क्विंटल गेहूं की हुई आवक

- मंडल कमिश्नर ने गेहूं खरीद का किया मुआयना, अधिकारियों को भी दिए जरुरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** अनाजमंडी में गेहूं की आवक का मुआयना करती रेणू एस फुलिया।

मंडलायुक्त रेनू एस फुलिया ने वीरवार गेहूं खरीद कार्य को लेकर अंबाला-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित अम्बाला छावनी अनाज मंडी अनाज मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से गेहूं खरीद कार्य के साथ-साथ लिफ्टिंग को लेकर जानकारी ली। मंडलायुक्त ने छावनी अनाज मंडी का दौरा करते हुए गेहूं खरीद कार्य को लेकर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित मार्किट कमेटी सचिव व अन्य अधिकारियों से अब तक हुई गेहूं खरीद की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को कहा कि जितनी भी गेहूं की आवक मंडी में पहुंचती है अधिकारी इस बात को सुनिश्चित करे कि उसका उठान भी समय अवधि के तहत होना सुनिश्चित होना चाहिए। इस दौरान उन्होंनें आढ़तीयों से भी बातचीत की और उन्हें मंडी में गेहूं खरीद कार्य में किसी प्रकार की कोई दिक्कत तो नहीं आ रही, इस बारे भी जानकारी ली। मार्किट कमेटी सचिव नीरज भारद्वाज ने मंडलायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि अभी तक अंबाला छावनी अनाज मंडी में 62 हजार क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। इसमें से 52 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है, लिफ्टिंग का कार्य सुचारू रूप से जारी है और 21 हजार क्विंटल लिफ्टिंग के साथ-साथ 1125 गेट पास काटे गए हैं। यहां पर हैफेड द्वारा गेहूं खरीद का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर मार्किट कमेटी के डीएमईओ राजीव चौधरी व हैफेड के डीएम अमित कुमार ने भी गेहूं खरीद कार्य की जानकारी मंडलायुक्त को दी। उन्होंने बताया कि जिला में सभी जगहों पर गेहूं खरीद का कार्य सुचारू रूप से जारी है। मंडलायुक्त ने इस मौके पर बारदाने की व्यवस्था के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी हासिल की।